7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक.............................. दिनांक : 04.07.2021

# प्रकाशनार्थ

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अभियान को दृष्टि में रखते हुए **01 से 07 जुलाई** के मध्य आयोजित **वन महोत्सव सप्ताह** के अन्तर्गत आज भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर आच्छादित करने वाले माँ भारती के सपूत **स्वामी विवेकानन्द** जी की **पुण्यतिथि** के अवसर पर महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में पौध रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के **राष्ट्रीय सेवा योजना** एवं **रोवर रेंजर्स** के द्वारा **आम, पीपल, कटहल, इमली, बरगद, नीम, आँवला, अशोक** आदि के पौधों को रोपित किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी **डॉ. अभिषेक सिंह** ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के फेफड़े हैं। ये हमसे न्यूनतम लेते हैं, जबकि पूरी दुनियाँ को अपना अधिकतम देते हैं। पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के आधार वृक्ष ही हैं। वृक्ष हमें **प्राणवायु** (ऑक्सीजन) देते हैं। **कोरोना काल** की त्रासद परिस्थितियों में हम सभी ने ऑक्सीजन की किल्लत से जनहानि को होते देखा है। यह हम सभी को एक संदेश है कि यदि हम वृक्षों का संरक्षण नहीं करेंगे, अधिकाधिक मात्रा में वृक्षारोपण नहीं करेंगे, तो आने वाले समयों में इस प्रकार की त्रासदियाँ बड़े पैमाने पर मानवजाति को हानि पहुँचायेगी। **रोवर रेंजर्स** के प्रभारी **श्री बृजभूषण लाल** ने कहा कि हमें हर कीमत पर अपने पर्यावरण को शुद्ध एवं समृद्ध करना होगा। इस हेतु हम सभी को बड़ी संख्या में पेड़ लगाने ही होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के **उप–प्राचार्य श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव** ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा पर्यावरण जागरुकता की यह पहल अत्यन्त सराहनीय होने के साथ–साथ हम सभी के लिए अनुकरणीय है। पर्यावरण संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस हेतु शासन के साथ–साथ समाज के हर वर्ग एवं संस्थानो को आगे आना ही होगा। हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर पाना संभव है। 01 से 07 जुलाई तक चलने वाले इस वन महोत्सव सप्ताह में महाविद्यालय द्वारा 300 पौधों को रोपित करने का लक्ष्य है, जिसे महाविद्यालय हर स्थिति में पूरा करने हेतु प्राण–प्रण से संकल्पित है। कार्यक्रम में श्री श्रीनिवास सिंह, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद, श्री विनय कुमार सिंह, श्री अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक–कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ. सुबोध कुमार मिश्र
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी